# 104 (New Syllabus)

III

Total No. of Questions – 16

Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No.

## Part – II
## HINDI, Paper – I
## (Second Language)

*Time : 3 Hours ]* *[ Max. Marks : 100*

**सूचनाएँ :** (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) जिस क्रम से प्रश्न दिए गए हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

**खण्ड – 'क'** **(60 अंक)**

I. किसी **एक** दोहे का कवि परिचय देते हुए भावार्थ लिखिए : 1 × 6 = 6

पोथि पढ़ि–पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय ।
ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय ।।

**अथवा**

तरुवर फल नहीं खात है, सरवर पियहि न पान ।
कहि रहीम परकाज हित, संपत्ति संचहि सुजान ।।

II. किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8

(1) सुख–दुःख

(2) अकाल और उसके बाद

III. किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8

(1) शिवाजी का सच्चा स्वरूप

(2) आन्ध्र संस्कृति

IV. किसी **एक** कहानी का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8

(1) पूस की रात

(2) बदला

V. किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

(1) मुझे तोड़ लेना वनमाली
उस पथ पर देना तुम फेंक ।
मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जावें वीर अनेक ।।

(2) दाने आए घर के अन्दर कई दिनों के बाद ।
धुआँ उठा आँगन के ऊपर कई दिनों के बाद ।।

(3) साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बाएँ से वे मलते हुए पेट चलते हैं,
और दाहिना दया-दृष्टि पाने की ओर बढ़ाए ।

(4) मैं नहीं चाहता चिर-सुख
मैं नहीं चाहता चिर-दु:ख ।
सुख दु:ख की खेल मिचौनी
खेल जीवन अपना मुख ।।

VI. किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

(1) भारतीय संस्कृति का सौंदर्य-बोध नारी रूप से अविच्छिन्न संबन्ध से जुड़ा हुआ है ।

(2) इतना कहने से अब कोई संदेह नहीं रह गया कि घुमक्कड़-धर्म से बढ़कर दुनिया में धर्म नहीं है ।

(3) 28 फरवरी, 1928 को चन्द्रशेखर वेंकटरामन ने रामन प्रभाव की खोज की, उस खोज के उपलक्ष्य में इस दिन को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

(4) आजकल पर्यावरण प्रदूषण के कारण यह संतुलन बिगड़ रहा है ।

VII. **एक** शब्द में उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(1) कबीरदास के गुरु कौन थे ?

(2) रहीम का पूरा नाम क्या है ?

(3) अकाल में चूल्हे के पास कौन सोया ?

(4) 'भिक्षुक' कविता के कवि कौन हैं ?

(5) फूल किसके पैरों के नीचे कुचल जाना चाहते हैं ?

VIII. **एक** शब्द में उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(1) महादेवी वर्मा को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(2) शिवाजी कौन थे ?

(3) प्रदूषण कितने प्रकार के होते हैं ?

(4) सी.वी. रामन का पूरा नाम क्या है ?

(5) जैन धर्म के प्रतिष्ठापक कौन थे ?

## खण्ड – 'ख' (40 अंक)

IX. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए : $1 \times 5 = 5$

छुट्टी माँगते हुए प्राचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

पैसे माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

X. किन्हीं **पाँच (5)** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) अपना
(2) जय
(3) नरक
(4) नवीन
(5) पाप
(6) अस्त
(7) मान
(8) सत्य
(9) कुपुत्र
(10) सवाल

XI. किन्हीं **पाँच (5)** शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) आदमी
(2) पानी
(3) स्वर्ण
(4) वन
(5) पुत्र
(6) सरस्वती
(7) गृह
(8) फूल
(9) गुरु
(10) हवा

XII. किन्हीं **पाँच (5)** शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) सुरज
(2) वापिस
(3) प्रनाम
(4) परीचय
(5) मरन
(6) भाशा
(7) रीती
(8) नर्क
(9) कुपा
(10) तपश्या

XIII. किन्हीं **पाँच (5)** पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) Class
(2) Parliament
(3) Prime Minister
(4) Speaker
(5) Island
(6) Editor
(7) Technical
(8) History
(9) Energy
(10) Play Ground

XIV. कारक चिह्नों की सहायता से पाँच (5) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) मेज ______ पुस्तक है ।

(2) घर ______ चार कमरे हैं ।

(3) कृष्ण ने कंस ______ मारा ।

(4) मोहन ______ मिठाई खायी ।

(5) पेड़ ______ पत्ते गिरते हैं ।

(6) हिन्दी भारत ______ राजभाषा है ।

(7) धर्मराज भीम ______ बड़े भाई है ।

(8) सीता गीता ______ फल लायी ।

(9) जेब ______ रुपये हैं ।

(10) लता कलम ______ लिखती है ।

XV. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) <u>शेर</u> दौड़ता है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए ।)

(2) <u>लड़की</u> गीत गा रही है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए ।)

(3) गोपाल <u>अनपढ़</u> है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)

(4) शंकर <u>धनवान</u> आदमी है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

(5) वह काम कर चुका है । (भविष्य काल में बदलिए ।)

XVI. सूचना के अनुसार भाषा भाग पहचानिए : $5 \times 1 = 5$

(1) मोनिका पुस्तक पढ़ती है । (वाक्य में संज्ञा क्या है ?)

(2) आप क्या कर रहे हैं ? (इस वाक्य में सर्वनाम को पहचानिए ।)

(3) क्रिकेट में ग्यारह खिलाड़ी खेलते हैं । (इस वाक्य में विशेषण क्या है ?)

(4) घोड़ा तेज दौड़ता है । (इस वाक्य में क्रिया-विशेषण पहचानकर लिखिए ।)

(5) विजयरानी कपड़े सिलाती है । (इस वाक्य में क्रिया शब्द क्या है ?)

---